# प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

## 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत 'अपने मिशन शक्ति केन्द्र को जानें' (Know Your MSK) की विशेष पहल; जनपदीय पुलिस द्वारा थानों में महिला सुरक्षा व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण

**दिनांक 27.08.2026**

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान के क्रम में सीतापुर पुलिस द्वारा दिनांक 26 एवं 27 अगस्त 2026 को जनपद के समस्त थानों पर **'अपने मिशन शक्ति केन्द्र को जानें' (Know Your MSK)** अभियान का विशेष आयोजन किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत थानों पर स्थित 'मिशन शक्ति केंद्र' (MSK) को महिलाओं के लिए और अधिक सुलभ, पारदर्शी तथा सुरक्षित बनाने हेतु  समस्त क्षेत्राधिकारी (CO) एवं थाना प्रभारी (SHO) द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के मिशन शक्ति केंद्रों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

**"Meet Your MSK" डिजिटल जागरूकता पहल (Instagram Reels):** जन-जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु इन्फॉर्मेटिव इंस्टाग्राम रील **"Meet Your MSK"** तैयार कर थाना व MSK का स्थान, पहुँचने का मार्ग, नामित महिला पुलिस अधिकारियों का परिचय और महिलाओं व बालिकाओं को दी जाने वाली कानूनी व सामाजिक सहायता का पूरा विवरण दर्शाते हुए महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक/सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत Gen Z एवं Gen Alpha बालिकाओं के लिए साइबर सुरक्षा हेतु **साइबर सुरक्षा मार्गदर्शिका ("सुरक्षित बिटिया, सशक्त सीतापुर") वितरित की जा रही है जिसमें साइबर अपराध से बचाव, कार्यवाही आदि का समुचित विवरण उपलब्ध कराया गया है।** वितरित मार्गदर्शिका में प्रमुख निम्न बातों का उल्लेख किया गया है-

- **Do's (क्या करें):** टू-स्टेप वेरिफिकेशन (2FA) लागू करें, सोशल मीडिया प्रोफाइल प्राइवेट रखें, डिजिटल साक्ष्य (स्क्रीनशॉट) सुरक्षित रखें।
- **Don'ts (क्या न करें):** अनजान वीडियो कॉल या लिंक स्वीकार न करें, ओटीपी/पासवर्ड साझा न करें, पब्लिक वाई-फाई से बैंकिंग न करें।
- **ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग पर कदम:** शांत रहें व पैसे न दें, स्क्रीनशॉट लें, रिपोर्ट/ब्लॉक करें, परिजनों से बात करें और त्वरित सहायता हेतु **1090 (महिला हेल्पलाइन)** या **1930 (साइबर हेल्पलाइन)** पर कॉल करें।

सीतापुर पुलिस जनपद की सभी महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सहायता हेतु सदैव तत्पर व प्रतिबद्ध है।




11. सीतापुर - मेरठ - सहारनपुर मार्ग
प्रत्येक 30 मिनट पर सेवायें
संचालित होती हैं।
3. सीतापुर से दिल्ली मार्ग पर
सीतापुर डिपो के अतिरिक्त
अन्य डिपो की सेवायें संचालित
होती हैं।





उत्तर प्रदेश पुलिस


I'M
THE
BEST






उत्तर प्रदेश पुलिस